<u>समाचार</u>

स्वच्छता की अलख जगाने बस्तियों मोहल्लों में पहुंचेगा निगम का स्वच्छता रथ

(महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्वच्छता रथ को दिखाई हरी झण्डी)

(सफाई का राजा – स्वच्छता शुभंकर '' सोनू '' एवं स्वच्छता सॉग का हुआ इनोग्रेशन, शुभंकर '' सोनू '' लोगों को करेगा स्वच्छता के प्रति आकर्षित)

कोरबा 19 मार्च 2025 – '' कोरबा सफाई में नाम करेगा शान से – आप भी जुड़े स्वच्छ कोरबा अभियान से '' की थीम को लेकर स्वच्छता की अलख जगाने बस्तियों, मोहल्लों में निगम का स्वच्छता रथ पहुंचेगा, शहर की स्वच्छता व साफ–सफाई के प्रति आमजन को जागरूक करते हुए स्वच्छ कोरबा अभियान से जुड़ने आमनागरिकों का आव्हान करेंगा। आज महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्वच्छता रथ को हरी झण्डी दिखाई तथा स्वच्छता के प्रचार प्रसार हेतु रवाना किया।

कोरबा शहर को साफ–सुथरा, सुंदर व आकर्षक बनाने, लोगों को साफ–सफाई एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करने तथा शहर की स्वच्छता हेतु सबकी सहभागिता प्राप्त करने की दिशा में

आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय की अगुवाई में नगर निगम कोरबा द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यो, गतिविधियों, आयोजनों की एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में अब निगम का '' स्वच्छता रथ '' नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्ड एवं बस्तियों, मोहल्लों, पारों में पहुंचकर आम लोगों के बीच स्वच्छता की अलख जगाएगा तथा अपने कोरबा शहर को '' स्वच्छ कोरबा – सुंदर कोरबा '' का सम्मान दिलाने उनकी सहभागिता का आव्हान करेगा। उक्त रथ को विविध स्वच्छता थीमों स्लोगन आदि से सुसज्जित करते हुए रथ में बड़ी साईज की एलईडी स्थापित की गई है, जिसके माध्यम से महापौर, कलेक्टर एवं आयुक्त का कोरबावासियों के नाम से स्वच्छता के संदेश के साथ–साथ निगम द्वारा साफ–सफाई के क्षेत्र में किए जा रहे व्यापक कार्यो, संचालित गतिविधियों का प्रचार प्रसार किया जाएगा। नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने हरी झण्डी दिखाकर स्वच्छता रथ को रवाना किया।

शुभंकर '' सोनू '' बनेगा सफाई का राजा – महापौर श्रीमती राजपूत एवं कलेक्टर श्री वसंत ने इस मौके पर निगम के स्वच्छता शुभंकर (सोनू) का इनोग्रेशन भी किया, जो '' सफाई का राजा '' बनकर लोगों को शहर की स्वच्छता व साफ–सफाई के प्रति आकर्षित करेगा। यहॉ उल्लेखनीय है कि सोनू एक हाथी का छोटा सा बच्चा था, जो अपनी मॉ से बिछड़ गया था, अब वह पुनः लौटा है तथा शहर में घूम–घूम कर या चौक–चौराहों में खड़े होकर लोगों को स्वच्छता का संदेश देगा, खुद भी झाडू लगाएंगा तथा साफ–सफाई में सबकी सहभागिता प्राप्त करेगा।

सफाई रिक्शों में गॅूजेंगी स्वच्छता की गॅूज – डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण में संलग्न निगम के सफाई रिक्शों में अब स्वच्छता की गॅूज, गुॅजायमान होगी तथा गायिका सुरभि एवं ऋषिराज पाण्डेय के सुमधुर गीतों के माध्यम से शहर की स्वच्छता हेतु लोगों को जागरूक करेगी। आज इस मौके पर महापौर एवं कलेक्टर ने सफाई रिक्शों पर गूंजने वाले इस स्वच्छता सॉग का भी इनोग्रेशन किया।

कोरबा को स्वच्छ सुंदर बनाने, दें सहयोग – इस मौके पर कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने नगरवासियों का आव्हान करते हुए उनसे अपील की, कि वे अपने कोरबा शहर को स्वच्छ व सुंदर शहर बनाने में अपना सहयोग दें, साफ–सफाई के प्रति जागरूक रहें, न तो गदंगी करें और न ही किसी अन्य को गदंगी करने दें। उन्होने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण एवं साफ–सफाई के प्रति अधिक से अधिक जागरूकता लोगों के बीच आए, इसके मद्देनजर निगम द्वारा वार्ड एवं बस्तियों में स्वच्छता रथ चलाया जाएगा, जो स्वच्छता का प्रचार प्रसार करेगा, इस रथ का आज शुभारंभ किया गया है। इसी प्रकार स्वच्छता शुभंकर सोनू व स्वच्छता सॉग का विमोचन भी हुआ है, निगम की यह पहल निश्चित रूप से सराहनीय पहल है।

शहर की स्वच्छता में हो, सबकी सहभागिता – इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि कोरबा शहर की स्वच्छता एवं इसकी सुंदरता में सबकी सहभागिता मिले, हमारा कोरबा शहर स्वच्छता के क्षेत्र में देश व प्रदेश में सम्मानजनक स्थान प्राप्त करें, इस हेतु मैं कोरबा के नागरिकबंधुओं से आग्रह करती हॅू कि वे साफ–सफाई व्यवस्था में अपना सहयोग दें। वहीं निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने इस मौके पर कहा कि स्वच्छता रथ वार्ड एवं बस्तियो में पहुंचेगा, लोगों को स्वच्छता का संदेश देगा, वहीं निगम के 200 सफाई रिक्शों व वाहनों के माध्यम से स्वच्छता आधारित गीतों की गॅूज शहर के कोने–कोने तक गुॅजायमान होगी तथा दूसरी ओर स्वच्छता शुभंकर '' हमर सोनू '' भी लोगों के बीच स्वच्छता की अलख जगाएगा।